Total No. of Printed Pages—11

**HS/XII/A. Sc. Com/H/26**

**2 0 2 6**

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

**( FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT—NEW COURSE )**

*Full Marks* : 80

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT—OLD COURSE )**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt all parts of a question together at one place.

**( For NEW COURSE and OLD COURSE )**

( *Marks* : 80 )

SECTION—A

( *Marks* : 22 )

**1.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×14=14

(क) ''अब आपसे कौन बहस करे। आप अदीब ठहरीं और सभी अदीबों का दिमाग थोड़ा-सा तो जरूर ही घूमा हुआ होता है।'' यह किसकी उक्ति है?

*(i)* सिख बीबी

*(ii)* सफ़िया

*(iii)* सफ़िया का भाई

*(iv)* सुनील दासगुप्त

(ख) ''फिर मूढ़ न क्या जग, जो इस पर भी सीखे?'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* उषा

*(ii)* बादल राग

*(iii)* आत्मपरिचय

*(iv)* कवितावली

(ग) आँचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' का प्रकाशन कब हुआ?

*(i)* 1954

*(ii)* 1947

*(iii)* 1950

*(iv)* 1953

(घ) निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कुँवर नारायण जी की नहीं है?

*(i)* चक्रव्यूह

*(ii)* कोई दूसरा नहीं

*(iii)* इन दिनों

*(iv)* अनामिका

(ङ) कवि निराला को कौन-सी ऋतु अधिक आकृष्ट करती है?

*(i)* वसंत ऋतु

*(ii)* ग्रीष्म ऋतु

*(iii)* वर्षा ऋतु

*(iv)* शरद ऋतु

(च) 'द कास्ट्स इन इंडिया' के लेखक कौन हैं?

*(i)* जैनेन्द्र कुमार

*(ii)* फणीश्वर नाथ 'रेणु'

*(iii)* बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर

*(iv)* रज़िया सज्जाद ज़हीर

(छ) 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई थी?

*(i)* ब्रज

*(ii)* छत्तीसगढ़ी

*(iii)* अवधी

*(iv)* बघेली

(ज) ग्राहकों पर बाजार के जादू का प्रभाव कब पड़ता है?

*(i)* जब ग्राहक का मन खाली होता है

*(ii)* जब ग्राहक का मन भरा होता है

*(iii)* जब ग्राहक की जेब भरी होती है

*(iv)* जब ग्राहक की जेब खाली होती है

(झ) सिंधु सभ्यता की खूबी क्या है?

*(i)* सौन्दर्य-बोध

*(ii)* संस्कृति-बोध

*(iii)* सभ्यता-बोध

*(iv)* नागर-बोध

(ञ) कुंड में खास बात क्या है?

*(i)* पक्की-कच्ची ईंटों का जमाव

*(ii)* कच्ची ईंटों का जमाव

*(iii)* पक्की ईंटों का जमाव

*(iv)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ट) दक्षिण में जो टूटे-फूटे घरों का जमघट है, वह किनकी बस्ती है?

*(i)* राहगीरों की

*(ii)* मूर्तिकारों की

*(iii)* कामगारों की

*(iv)* वास्तुशास्त्रियों की

(ठ) ऐन फ्रैंक की डायरी का प्रकाशन कब हुआ?

*(i)* सन् 1920

*(ii)* सन् 1930

*(iii)* सन् 1947

*(iv)* सन् 1925

(ड) मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को किस गाँव की याद आई?

*(i)* कुलधरा

*(ii)* कुलघड़ा

*(iii)* बुलधरा

*(iv)* शुभधरा

(ढ) मुअनजो-दड़ो नगर कितने हैक्टर में फैला था?

*(i)* 300 हैक्टर

*(ii)* 200 हैक्टर

*(iii)* 500 हैक्टर

*(iv)* 150 हैक्टर

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर *2/3* वाक्यों में दीजिए : 2×4=8

(क) सिख बीबी ने सफ़िया को अपने बारे में क्या बताया?

(ख) चार्ली किसी भी संस्कृति को विदेशी क्यों नहीं लगते हैं?

(ग) जिस दिन लुट्टन पहलवान के दोनों बेटे मर गए तब उसने क्या किया?

(घ) 'बाजार दर्शन' पाठ में लेखक ने पैसे को पावर क्यों कहा है?

(ङ) कवि किसे क्रांति का प्रतीक मानता है और क्यों?

(च) 'बात सीधी थी पर' कविता में रचनाकार के सामने कथ्य और माध्यम की क्या समस्या थी?

## SECTION—B

( *Marks* : 22 )

**( व्याकरण तथा रचना )**

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में एक निबंध लिखिए : 10

(क) मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप

(ख) बाल मजदूरी : एक अभिशाप

(ग) व्यायाम और स्वास्थ्य

(घ) मेघालय के लोकनृत्य

(ङ) समाचार-पत्र और उनकी उपयोगिता

**4.** समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए। 7

**अथवा**

अपने इलाके में फैली गंदगी और सफाई की कुव्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत प्राचीन है। इसे जानने के पहले संस्कृति शब्द को जानना एवं समझना आवश्यक है। संस्कृति का सामान्य अर्थ है मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है, जो परम्परा से चली आ रही होती है।

प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है परन्तु इनमें भेद है। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है। इस प्रकार सभ्यता को शरीर माना जा सकता है तथा संस्कृति को आत्मा इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

**प्रश्न :**

*(i)* 'संस्कृति' शब्द का सामान्य अर्थ क्या है? 1

*(ii)* संस्कृति के नियम और मूल्य समाज कहाँ से प्राप्त करता है? 1

*(iii)* सभ्यता और संस्कृति में क्या अंतर है? 1

*(iv)* सभ्यता और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक कैसे हैं? 1

*(v)* इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** की संधि कीजिए : 1×2=2

(अ) सदा + एव

(आ) अति + आचार

(इ) सम् + वाद

*(ii)* निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए : 1×2=2

(अ) राम-कृष्ण

(आ) रसोईघर

(इ) त्रिलोक

*(iii)* निम्नलिखित वाक्यों में से केवल मिश्र वाक्य को पहचानिए : 1

(अ) शिरीष का फूल संस्कृत साहित्य में बहुत कोमल माना गया है।

(आ) मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गई।

(इ) जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं।

## SECTION—C

( *Marks* : 36 )

**6.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर ज़बरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी।

(ख) बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,
साँकरे सबै पै, राम! रावरें कृपा करी।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 4×2=8

(क) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

(ख) ''विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते'' पंक्ति में 'विप्लव-रव' से क्या तात्पर्य है? 'छोटे ही हैं शोभा पाते' ऐसा क्यों कहा गया है?

(ग) 'आत्मपरिचय' नामक कविता के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

**8.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) ठाठ देकर मन को बंद कर रखना जड़ता है। लोभ का यह जीतना नहीं है कि जहाँ लोभ होता है, यानी मन में, वहाँ नकार हो। यह तो लोभ की ही जीत है और आदमी की हार।

(ख) वह अंदर बैठी चाय की प्याली हाथ में लिए कीनुओं की टोकरी पर निगाहें जमाए यह सोच रही थी कि आसपास, इधर-उधर इतने लोग हैं, लेकिन सिर्फ वही जानती है कि टोकरी की तह में कीनुओं के नीचे नमक की पुड़िया है।

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 4×2=8

(क) नमक ले जाने के बारे में सफ़िया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ख) फिल्म समीक्षकों को क्यों मानना पड़ा कि चार्ली पर कुछ नया लिखना कठिन होता जा रहा है?

(ग) ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 5×2=10

(क) पंद्रहवें जन्मदिन के अवसर पर ऐन को क्या-क्या उपहार मिले?

(ख) ऐन के परिवार को अज्ञातवास में क्यों जाना पड़ा?

(ग) डचों की नैतिकता पर ऐन की टिप्पणी बताइए।

(घ) सिन्धु सभ्यता की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशेषता क्या है?

(ङ) खुदाई में मिले कोठार के विषय में बताइए।

**( For OLD COURSE only )**

SECTION—D

( *Marks* : 20 )

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर एक-दो वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) तुलसीदास की काव्य-भाषा के बारे में बताइए।

(ख) भोर के नभ की तुलना काले रंग के सिल से क्यों की गयी है?

(ग) कवि सूर्योदय होने के साथ किस परिवेश की कल्पना करता है और क्यों?

(घ) जीविकाविहीन लोग किस चिंता में डूबे हुए हैं?

(ङ) लेखक के मत से 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है?

(च) जाति-प्रथा किस प्रकार मनुष्य को जीवन भर के लिए एक ही पेशे से बाँध देती है?

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 5×2=10

(क) "तुलसीदास राम के समर्पित भक्त हैं।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) "श्रम विभाजन की दृष्टि से जाति-प्रथा गंभीर दोषों से युक्त है।" स्पष्ट कीजिए।

(ग) एक राजनीतिज्ञ के लिए कौन-सा व्यवहार्य-सिद्धांत आवश्यक रहता है और क्यों?

(घ) "जादू टूटता है इस उषा का अब सूर्योदय हो रहा है" —उषा के किस जादू के टूटने की बात उक्त पंक्ति में की गई है?

★★★